**लोक सभा अध्यक्ष 24 सितंबर 2021 को बेंगलुरु में कर्नाटक विधान परिषद और विधान सभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे**

**नई दिल्ली, 23 सितंबर, 2021:** लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला 24 सितंबर 2021 को दोपहर 2.30 बजे बेंगलुरु में कर्नाटक विधान सभा के एसेम्बली हॉल में कर्नाटक विधानमंडल के दोनों सदनों अर्थात  विधान परिषद और विधान सभा के सदस्यों को संबोधित करेंगे।

श्री बिरला 'लोकतंत्र-लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा' विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

इस अवसर पर कर्नाटक विधान परिषद के सभापति, श्री बसवराज होराट्टी, कर्नाटक विधान सभा के अध्यक्ष, श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी; मंत्री, संसद सदस्य, विधान परिषद और विधान सभा के सदस्य तथा अन्य विशिष्टजन उपस्थित रहेंगे।

श्री बिरला पहली बार किसी विधानमंडल के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे।

श्री बिरला 25 सितंबर 2021 को सुबह 11:00 बजे विधान सौध, बेंगलुरु के कॉन्फ्रेंस हॉल में मीडिया से मुलाकात करेंगे।